# गुजरात में नकली घी बनाने वाली 3 फैक्ट्रियां पकड़ायी, भोपाल से आता कच्चा माल, महाराष्ट्र में होती बिक्री



**सूरत:** गुजरात पुलिस ने सूरत में नकली घी बनाने वाली तीन अवैध फैक्ट्रियों और गोदामों पर छापा मारकर एक बड़े खाद्य मिलावट रैकेट का भंडाफोड़ किया है. पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने छापेमारी में 67 लाख रुपये की मिलावटी घी और 1.20 करोड़ रुपये की मशीनरी जब्त की. अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

## किनकी हुई गिरफ्तारीः

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जयेश रमेशचंद्र मैसूरिया, अंकित टेकचंद पंचीवाला, सुमित जयेश मैसूरिया और दिनेश तेजाजी गहलोत शामिल हैं. पुलिस जांच में पता चला है कि नकली घी बनाने का कच्चा माल आरोपियों ने भोपाल से लाया था. मुख्य आरोपी जयेश ने छह सेल्समैन और अंकित, सुमित और दिनेश ने दो-दो सेल्समैन रखे थे. ये 10 सेल्समैन बाजार में इस नकली घी बेच रहे थे. पुलिस इनकी तलाश कर रही है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!bharat/three-factories-manufacturing-fake-ghee-busted-in-surat-gujarat-hindi-news-hin25100604759